मुहर्रम पर हाई अलर्ट, शहर में पुलिस का सुरक्षा चक्र

- एक दिन पहले 10 नशा तस्कर, 24 संदिग्ध, कई हथियारबंद को पकड़ा
- पूर्व संध्या पर पुलिस का ऑपरेशन क्लीन, बदमाशों की लगाई क्लास

नव भारत न्यूज

इंदौर. मुहर्रम पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पूरे शहर को सुरक्षा घेरे में ले लिया है. संवेदनशील इलाकों, ताजिया मार्गों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस का कड़ा पहरा है. इससे एक दिन पहले क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर 24 संदिग्धों की घेराबंदी की. जांच में 10 आरोपी गांजा व अन्य मादक पदार्थों के साथ पकड़े गए, जबकि कई बदमाश धारदार हथियार लेकर घूमते मिले. पुलिस की इस कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है.

त्यौहार के चलते क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया. कार्रवाई के दौरान 24 संदिग्धों को रोककर पूछताछ की गई, जिनमें से 10 आरोपी गांजा और अन्य मादक पदार्थों के साथ पकड़े. वहीं कई बदमाशों के कब्जे से अवैध धारदार चाकू भी बरामद किए गए. सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई. पुलिस को आशंका थी कि कुछ असामाजिक तत्व त्योहार के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं. इसके चलते संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों और सुनसान मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. इस दौरान नशीले पदार्थों के साथ पकड़े गए आरोपियों को एमजी रोड और सराफा थाना पुलिस के सुपुर्द किया. डीसीपी क्राईम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मुहर्रम के अवसर पर जुलूस मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल, मोबाइल पेट्रोलिंग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही है. अफवाह फैलाने, हुड़दंग करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी.

टोकने पर युवक से मारपीट

इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र के नेमावर रोड पर एक युवक को सड़क पर अचानक सामने आए व्यक्ति को टोकना महंगा पड़ गया. आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक की सरेराह पिटाई कर दी.

साईं नगर मूसाखेड़ी में रहने वाले दीपक कोगे पत्नी आयुषी के साथ बाइक से जा रहे थे. छोटी लखानी के पास एक व्यक्ति अचानक बाइक के सामने आ गया. हादसा टलने के बाद दीपक ने उसे सावधानी बरतने की बात कही, जिस पर आरोपी भड़क गया और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी. आरोपी ने हाथ में पहने कड़े से दीपक के मुंह पर वार किया, जिससे उनका होंठ फट गया. बाद में उसके साथी भी मौके पर पहुंच गए और मारपीट करने लगे. बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी से भी बदसलूकी की गई.

एरिया सेल्स मैनेजर का शव नर्मदा में मिला

- मंदसौर में पदस्थ सीबीएन की एसपी के पति थे निशांत जोशी
- कार में मिला बेटी के नाम भावुक संदेश
- मानसिक तनाव और अवसाद के कारण चल रहा था उपचार

नव भारत न्यूज

इंदौर. इंदौर की एक पेट्रोकेमिकल कंपनी में एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत निशांत जोशी का शव खरगोन जिले के मंडलेश्वर क्षेत्र में नर्मदा नदी से बरामद किया गया है. वे सोमवार से लापता थे. उनकी कार नर्मदा पुल पर लावारिस हालत में मिली थी, जिसमें एक सुसाइड नोट और मेडिकल फाइल बरामद हुई थी. प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा माना जा रहा है.

निशांत जोशी सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) मंदसौर की पुलिस अधीक्षक स्मिता जोशी के पति थे. 22 जून को उनके लापता होने के बाद मंडलेश्वर स्थित नर्मदा पुल पर उनकी कार खड़ी मिली थी. कार की तलाशी के दौरान एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उन्होंने भावुक संदेश के साथ अपनी बेटी का ख्याल रखने की बात लिखी थी. साथ ही मिली मेडिकल फाइल से पता चला कि वे पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव और अवसाद का उपचार ले रहे थे. कार मिलने के बाद पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से नर्मदा नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया. मंगलवार को दिनभर चली तलाश के बाद भी सफलता नहीं मिली, लेकिन बुधवार दोपहर गोताखोरों ने नदी से शव बरामद कर लिया. मौके पर मौजूद परिजनों ने शव की पहचान निशांत जोशी के रूप में की. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग, मेडिकल रिकॉर्ड और कॉल डिटेल्स की जांच की जा रही है.

हाईकोर्ट सख्त : गंभीर रूप से झुलसी जिनी झाला को एयरलिफ्ट कर अहमदाबाद भेजने के आदेश

- घायलों से शुल्क नहीं लेने के दिए निर्देश
- इलाज का पूरा खर्च उठाएगी राज्य सरकार

नव भारत न्यूज

इंदौर. हादसे में गंभीर रूप से झुलसी युवती जिनी झाला के इलाज को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने गुरुवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी किए. जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि जिनी झाला को तत्काल एयरलिफ्ट कर अहमदाबाद के जाइडस हॉस्पिटल भेजा जाए, जहां उन्हें विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया जा सके. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इलाज और एयरलिफ्टिंग का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी.

सुनवाई के दौरान जिनी के भाई यशवीर झाला की ओर से प्रस्तुत आवेदन में बताया गया कि युवती गंभीर रूप से झुलस गई है और उसकी एक सर्जरी हो चुकी है. हालांकि बेहतर बर्न ट्रीटमेंट के लिए उसे अहमदाबाद स्थित जाइडस हॉस्पिटल ले जाना आवश्यक है. मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य आयुक्त, इंदौर कलेक्टर और सीएमएचओ को तत्काल सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही 30 जून तक अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा है. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह मुद्दा भी उठाया गया कि हादसे में घायल लोगों से इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल द्वारा इलाज का शुल्क लिया जा रहा है. इस पर नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अस्पताल को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं कि किसी भी घायल से उपचार के लिए कोई राशि नहीं ली जाएगी.

पॉश कॉलोनी के 3 मंजिला भवन में चल रही थी अवैध शराब फैक्ट्री

- आबकारी विभाग ने मारा छापा, 144 बल्क लीटर शराब जब्त
- हजारों फर्जी लेबल, होलोग्राम, पैकेजिंग सामग्री व मशीनें जब्त

नव भारत न्यूज

इंदौर. आबकारी विभाग ने शहर की पॉश कॉलोनी तुलसीनगर में चल रही अवैध शराब निर्माण फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 144 बल्क लीटर देशी शराब, हजारों फर्जी लेबल होलोग्राम, स्प्रिट, पैकेजिंग सामग्री और शराब बनाने में उपयोग होने वाली मशीनें जब्त कर फैक्ट्री सील कर दी. मामले में मुख्य आरोपी विनोद को गिरफ्तार किया गया है. प्रारंभिक जांच में अंतरराज्यीय शराब तस्करी नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत मिले हैं.

सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई. विश्वसनीय सूचना मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने करीब तीन दिन तक सिविल ड्रेस में गोपनीय निगरानी और रेकी की. पुष्टि होने के बाद तुलसीनगर स्थित तीन मंजिला भवन पर दबिश दी गई, जहां अवैध रूप से शराब निर्माण और पैकेजिंग का काम संचालित पाया गया.

फैक्ट्री पर छापे में यह सामग्री की जब्त-कार्रवाई के दौरान 16 पेटी (144 बल्क लीटर) देशी मदिरा, भारी मात्रा में स्प्रिट, कैरेमल, पैकेजिंग सामग्री, विभिन्न ब्रांडों के हजारों डुप्लीकेट लेबल और होलोग्राम, बाटल कैप, कागजी कार्टून, दो बड़ी ब्लेंडर मशीनें तथा अन्य उपकरण जब्त किए गए. जांच में मध्यप्रदेश के कई जिलों के साथ राजस्थान में बिकने वाले विभिन्न ब्रांडों के लेबल और पैकेजिंग सामग्री भी मिली है.

संगठित अंतरराज्यीय शराब तस्करी नेटवर्क की आशंका

अभिषेक तिवारी ने बताया कि बरामद सामग्री से संगठित अंतरराज्यीय शराब तस्करी एवं अवैध निर्माण नेटवर्क के सक्रिय होने की आशंका है. पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी गई है. साथ ही जब्त शराब और अन्य सामग्री की वैज्ञानिक जांच कराई जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब नकली या स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तो नहीं थी. अंग्रेजी शराब की पैकेजिंग सामग्री मिलने के बाद जांच का दायरा और बढ़ा दिया है. मुख्य आरोपी विनोद के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी.

एक नजर में

कांग्रेस सेवादल का अनोखा प्रदर्शन... मनाया 'विकास का जन्मदिन'

महू. नगर के सबसे व्यस्त और प्रमुख मार्गों में से एक श्याम विलास चौराहे की बदहाली को लेकर राजनीति गरमा गई है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही और बदहाल सड़कों के विरोध में महू नगर कांग्रेस सेवादल ने एक अनूठा प्रदर्शन किया. सेवादल के कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर एकत्रित होकर प्रशासनिक अनदेखी और भाजपा के विकास का जन्मदिन मनाकर अपना विरोध दर्ज कराया. कांग्रेस सेवादल के नगर अध्यक्ष नरेश जोशी ने बताया कि श्याम विलास चौराहा कभी अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता था, लेकिन पीएचई विभाग की कार्यप्रणाली के कारण अब यह हादसों का केंद्र बन चुका है. पिछले वर्ष विभाग ने यहाँ पानी की पाइपलाइन का लीकेज ठीक करने का दावा किया था, लेकिन महज 15 दिन बाद ही स्थिति फिर वैसी ही हो गई. विभाग ने लीकेज ठीक करने के बजाय चौराहे के बीचो-बीच बड़े-बड़े बोल्डर डाल दिए हैं. इससे चौराहे की सुंदरता तो नष्ट हुई ही है, यातायात भी बुरी तरह बाधित हो रहा है. यहां से रोजाना स्कूली बच्चों की बसें, यात्री बसें, नगर सेवा और अन्य भारी वाहन गुजरते हैं. लगातार बहते पानी के कारण यहाँ हर समय किसी बड़ी जनहानि या दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है. विरोध प्रदर्शन के दौरान महू नगर कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष मुन्नालाल पहलवान, मीडिया प्रभारी शुभम जैन, महामंत्री पिंटू डीडवानिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेन झंझट, चिमनलाल पाल, मनमोहन कौशल, खालिद कुरैशी, इकबाल, असद मसूद और अमन परदेसी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

महू. भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशाल नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. यह रैली राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवाओं और समाज को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई. महाविद्यालय के बिरसा मुंडा भवन से शुरू हुई यह रैली डॉ. बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय तक गई और वापस महाविद्यालय परिसर स्थित स्व. भेरूलाल पाटीदार की प्रतिमा के पास आकर संपन्न हुई. रैली में विद्यार्थियों ने जोशपूर्ण तरीके से नशा मुक्ति के नारे और स्लोगन लगाते हुए जन-जागरूकता का संदेश दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. एसजी स्वामी ने स्वयंसेवकों को नशे के सामाजिक और शारीरिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया और इससे दूर रहने का आग्रह किया. मुख्य मार्गदर्शक व जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने इस राष्ट्रीय अभियान में युवाओं की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया. वहीं डॉ. मदन वास्कले ने भी विद्यार्थियों को समाज में इस जागरूकता को और आगे फैलाने के लिए प्रेरित किया. रैली की रूपरेखा स्वयंसेवक राघव वर्मा, रितेश वसुनिया और कुमारी नंदनी वसुनिया द्वारा तैयार की गई थी. संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तरुण गर्ग ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. आरती कमेडिया ने माना. इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र कोचले, डॉ. मनोज कुमार नागर, डॉ. जगदीश कन्नौज, डॉ. हुसन सिंह सोलंकी एवं डॉ. अलावा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

अज्ञात भय और मानसिक तनाव से ग्रस्त युवक ने लगाई फांसी

- कोई मुझे मार देगा... कहकर डरता था युवक

इंदौर. अज्ञात भय और मानसिक तनाव से जूझ रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक अक्सर परिजनों से कहता था कि कोई उसका पीछा कर रहा है और उसे जान से मार देगा. खजराना थाना अंतर्गत देवकी नगर निवासी उक्त युवक ने गुरुवार को उसने अपने काका के सूने मकान की छत पर कपड़े सुखाने वाली रस्सी से फंदा बनाकर जान दे दी.

मृतक रजत पिता तुकाराम उम्र 28 साल निवासी देवकी नगर था. वह घर से कुछ दूरी पर स्थित अपने काका के मकान की छत पर पहुंचा और फांसी लगा ली. पड़ोसियों की नजर उस पर पड़ने के बाद परिजनों को सूचना दी गई. मां और अन्य परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे तथा रस्सी काटकर उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

मृतक के चचेरे भाई गोपी ने पुलिस को बताया कि रजत पिछले कुछ समय से गहरे मानसिक तनाव में था. वह सहमा-सहमा रहता था और बार-बार कहता था कि कोई उसका पीछा कर रहा है तथा उसे नुकसान पहुंचाना चाहता है, वह उसे मार देगा.

छत्रीबाग में 17 .50 लाख की भांग जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

- प्लास्टिक टब और बोरों में छिपाकर रखी थी करीब 500 किलो भांग
- क्राइम ब्रांच की घेराबंदी में धराए आरोपी

नव भारत न्यूज

इंदौर. नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने छत्रीबाग इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 500 किलो अवैध भांग जब्त की है. पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 498 किलो 950 ग्राम भांग बरामद की है, जिसकी कीमत करीब 17 लाख 50 हजार रुपए आंकी है. दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं.

क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि छत्रीबाग स्थित जगदीश मंदिर धर्मशाला के पास भैरव मंदिर के ओटले पर दो व्यक्ति बड़ी मात्रा में भांग लेकर ग्राहक तलाश रहे हैं. सूचना मिलते ही टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दबिश दी. पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया. तलाशी के दौरान आरोपियों के पास रखे प्लास्टिक के टब और बोरों से गीली भांग की गोलियां और सूखी भांग बरामद हुई. तौल करने पर वजन 498 किलो 950 ग्राम निकला. जब्त भांग की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 17 .50 लाख रुपए बताई जा रही है.

मजदूरी की आड़ में लंबे समय से नशे के कारोबार में लिप्त थे आरोपी

पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान पप्पी उर्फ अविनाश चौहान निवासी छत्रीबाग और विजय महाले निवासी इमली बाजार के रूप में बताई. दोनों मजदूरी की आड़ में लंबे समय से नशे के कारोबार में जुड़े हुए थे. रिकॉर्ड के अनुसार आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट और जुआ एक्ट समेत विभिन्न मामलों में आधा दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं. डीसीपी क्राईम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है. अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में भांग कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था. आरोपियों के नेटवर्क और सप्लाई चेन की भी जांच की जा रही है.

स्क्रैप दुकान से दो भरी गैस टंकियां चोरी

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक स्क्रैप दुकान से भारत गैस की दो भरी हुई टंकियां चोरी होने का मामला सामने आया है. चोर दुकान संचालक के कुछ देर के लिए पीछे जाने का फायदा उठाकर टंकियां लेकर फरार हो गया. पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. सुपर सिटी सिंगापुर टाउनशिप निवासी अभिषेक पिता सौभाग्य सिंह चौकसे ने शिकायत दर्ज कराई है. अभिषेक ने बताया कि उनके घर के नीचे स्क्रैप की दुकान है, जहां भारत गैस की दो भरी हुई टंकियां रखी थीं. घटना के समय वह करीब 15 मिनट के लिए दुकान के पीछे गया था, लौटने पर दोनों टंकियां गायब मिलीं. सीसीटीवी फुटेज में एक युवक एक्सेस स्कूटी नम्बर एमपी 09 जेडजे 2286 पर दोनों टंकियां ले जाते हुए दिखाई दिया है. फुटेज के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर स्कूटी नंबर के जरिए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

खबर छापने की धमकी देकर फ्लैट और 10 लाख मांगने का आरोप

- कथित मीडियाकर्मी व साथियों पर एफआईआर दर्ज
- बिल्डर की शिकायत पर दो आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश

नव भारत न्यूज

इंदौर. खबर प्रकाशित करने और विभिन्न विभागों में शिकायत करने की धमकी देकर एक बिल्डर से फ्लैट और 10 लाख रुपए की मांग करने के मामले में बाणगंगा पुलिस ने एक तथाकथित मीडियाकर्मी सहित चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है.

बिल्डर कवित्र गांधी ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि अनवर हुसैन नामक व्यक्ति उसकी कॉलोनी की कमियों को लेकर खबरें प्रकाशित करने और प्रशासनिक विभागों में शिकायत करने की धमकी देकर लगातार दबाव बना रहा था. शिकायत में यह भी उल्लेख किया कि आरोपी ने पहले उसके खाते में 20 हजार रुपए जमा करवाए थे. इसके बाद उसने मामला दबाने के बदले एक फ्लैट और 10 लाख रुपए की मांग शुरू कर दी. फरियादी ने पुलिस को बातचीत और लेनदेन से जुड़े डिजिटल साक्ष्य भी उपलब्ध कराए.

अनवर हुसैन पर पहले से भी दर्ज हैं आपराधिक मामले

प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर बाणगंगा पुलिस ने अनवर हुसैन और उसके तीन साथियों के खिलाफ अवैध वसूली सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं.

अलग-अलग हादसों में विवाहिता सहित तीन की मौत

इंदौर. शहर में अलग-अलग घटनाओं में एक विवाहिता सहित तीन लोगों की मौत हो गई. बाणगंगा थाना क्षेत्र के कुम्हार खाड़ी में रहने वाली ज्योति पति दीपक उम्र 20 साल की पहली मंजिल की बालकनी से गिरने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई, परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसे लंबे समय से मिर्गी के दौरे आते थे और वह इलाज के लिए मायके में रह रही थी. वहीं राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के एबी रोड स्थित तेजपुर गड़बड़ी पुलिया के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार मांगीलाल खुडे उम्र 40 साल निवासी घनघोर नगर गंभीर रूप से घायल हो गए थे. अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया.

पत्नी की हत्या कर सर्पदंश का रूप देने वाले पति को उम्रकैद

नव भारत न्यूज

इंदौर. पत्नी की हत्या कर मामले को सर्पदंश से हुई मौत साबित करने का प्रयास करने वाले आरोपी पति को जिला अदालत ने दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, अदालत ने मामले में अर्थदंड भी लगाया है.

अपर सत्र न्यायाधीश हेमंतकुमार रघुवंशी की अदालत ने संचार नगर एक्सटेंशन निवासी अमितेष उर्फ शालू पटेरिया उम्र 43 साल को पत्नी शिवानी की हत्या का दोषी पाया. अभियोजन के अनुसार 1 दिसंबर 2019 को आरोपी ने घर में सो रही पत्नी का तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी थी. इसके बाद उसने शव को कोबरा सांप से कटवाकर मौत को सर्पदंश का मामला बताने का प्रयास किया.

जांच के दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि महिला की मौत सांप के काटने से नहीं, बल्कि दम घुटने से हुई थी. पुलिस विवेचना में यह भी सामने आया कि आरोपी ने वारदात को दुर्घटना दर्शाने के लिए पहले से कोबरा सांप की व्यवस्था की थी. जांच के आधार पर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था. मामले में आरोपी के पिता ओमप्रकाश और बहन रिचा को भी सहआरोपी बनाया था,

एक नजर में — कच्चे रास्ते, कीचड़, गहरे गड्ढे और बिखरे पत्थर विकास के दावों की खोल रहे हैं पोल

25 साल से नहीं बनीं केशव नगर व सहयोग नगर में सड़कें

इंदौर. एक ओर नगर निगम करोड़ों रुपये खर्च कर बनी-बनाई सड़कों को फिर से चमकाने में जुटा है, वहीं कई क्षेत्र ऐसे भी है, जहां लोग आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं. इन क्षेत्रों में कच्चे रास्ते, कीचड़, गहरे गड्ढे और बिखरे पत्थर विकास के दावों की पोल खोल रहे हैं. सड़क को लेकर परेशान इन रहवासियों में नाराजगी है.

धार रोड स्थित वार्ड क्रमांक-1 के केशव नगर और सहयोग नगर क्षेत्र में विकास के दावों की पोल खुलती नजर आती है. क्षेत्र में प्रवेश करते ही कच्चे रास्ते, कीचड़, गहरे गड्ढे और बिखरे पत्थर जिम्मेदारों की उदासीनता की कहानी बयां करते हैं. मुख्य मार्ग को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश गलियां आज भी बदहाल स्थिति में पड़ी हुई हैं. स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी बसने के बाद से करीब 25 वर्षों में एक बार भी सड़क निर्माण का कार्य नहीं कराया गया. बरसात में हालात और बदतर हो जाते हैं. कीचड़ और गंदगी के बीच लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता है, जबकि गड्ढों और पत्थरों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और लोग चोटिल होते हैं. रहवासियों का आरोप है कि हर चुनाव में सड़क निर्माण के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही जनप्रतिनिधि क्षेत्र को भूल जाते हैं. यदि वोट के आधार पर विकास तय होगा तो यह जनता के साथ अन्याय है. क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि अब वे आश्वासनों में नहीं, जमीन पर विकास कार्य देखना चाहते हैं.

यह बोले रहवासी....

पिछले दो वर्षों से निगम के कर्मचारी सिर्फ नप्ति कर और फोटो खींचकर चले जाते हैं, लेकिन सड़कें नहीं बन रहीं. पार्षद चुनाव के समय आए थे, फिर दोबारा क्षेत्र में पलटे तक नहीं.

- मोहम्मद शकील

25 साल में एक बार भी सड़क नहीं बनी. अब बरसात में लोगों की और भी मुसीबत बढ़ जाएगी. पूरी कच्ची सड़क और गढ़ों में पानी भरा रहेगा, लोग गिरते-पढ़ते और घायल होते रहेंगे.

- पीर मोहम्मद

20 वर्षों से यहां रह रहा हूं, लेकिन आज तक रोड नहीं बनी. इसी वार्ड के आस-पास के क्षेत्र में जाकर देखो पक्के रोड को उखाड़कर नए बनाए जा रहे हैं.

- मुख्तियार अहमद